तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 1.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 खेलभावना के साथ खिलाड़ी अपनी योग्यता का परिचय...



12 बस्तर अंचल के लोगों का मड़ई- मेला लोककला...



## खबर संक्षेप

### महादेव मंदिर की दान पेटी खुलेगी आज

**जगदलपुर।** चित्रकोट के प्रपातेश्वर महादेव मंदिर की दान पेटी को शुक्रवार की सुबह 10 बजे मंदिर प्रांगण में खोला जाएगा। मंदिर के व्यवस्थापक ने समस्त पदाधिकारी और सदस्यों को इस दौरान मौजूद रहने को कहा है। बताया गया कि रविवार को महाशिवरात्रि पर हर वर्ष की तरह इस बार भी मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए समुचित व्यवस्था रहेगी।

### किसानों ने प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) जिला बस्तर ने किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। जिला अध्यक्ष रमेश गोयल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों का धान नहीं खरीदा गया तो धान की बोरियां कलेक्टर कार्यालय के सामने रखकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और आमजन शामिल हुए। वहीं जिलाध्यक्ष समेत जयंत राम साहू उपाध्यक्ष, बलिराम पुजारी, जगतू राम कश्यप जिला सचिव, सदा राम बघेल, प्रेम नाग, जगत राम सिंह बघेल, राम मोहन राय, जोगेंद्र बघेल, फरसुरम यादव, धन साय भारती एवं अन्य किसान मौजूद थे।

### विरोध : श्रम संहिताओं में श्रमिकों के वर्षों से अर्जित अधिकारों का हनन

# काली पट्टी बांधकर संहिताओं के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



#### सात सूत्रीय मांग

बताया जा रहा है कि स्थायी पदों के निजीकरण एवं आउटसोर्सिंग पर रोक लगाई जाए। 21 नवम्बर 2025 को जारी की गयी चारों श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन संबंधी अधिसूचनाऐं तत्काल वापस लिया जाए। फ्रेंचाइजी व्यवस्था एवं समानान्तर लाइसेंस नीति को समाप्त किया जाए। बिजली क्षेत्र में वर्षों से कार्यरत सभी संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित किया जाए। नियमित पदों की सभी रिक्तियों को तत्काल भरा जाए। समान काम के लिए समान वेतन संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों को पूर्ण रूप से लागू किया जाए। समस्त कर्मचारियों एवं अभियंताओं के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू किया जाए।

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन संबंधी अधिसूचना के विरोध में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी जगदलपुर क्षेत्र के अंतर्गत समस्त कर्मचारियों द्वारा ना केवल मुख्यालय में बल्कि समस्त संभाग तथा उपसंभाग एवं वितरण केंद्र स्तर पर काली पटटी बांधकर सरकार द्वारा जारी श्रमिक विरोधी संहिताओं का खुलकर विरोध प्रदर्शन किया गया एवं नारेबाजी भी की गयी। समस्त कर्मचारीगण केंद्र सरकार के समक्ष सात सूत्रीय मांग जो जायज एवं कर्मचारियों के हित में है रखते हुए सरकार से अपील की। राज्य विद्युत कर्मचारी जगदलपुर क्षेत्र के कर्मचारियों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 21 नवम्बर 2025 को जारी की गई चारों श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं यथा वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, व्यवसायिक सुरक्षाऐं एवं कार्य परिस्थिति संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 है। यह श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं में श्रमिकों के वर्षों से अर्जित अधिकारों का हनन होता है, सामूहिक सौदेबाजी को कमजोर बनाती है साथ ही हड़ताल के अधिकार को सीमित करते हुए ठेका प्रथा को बढ़ावा देती है। उपरोक्त संहिता से रोजगार की सुरक्षा एवं सामाजिक संरक्षण को क्षति होने की प्रबल संभावना होती है।

### देशव्यापी हड़ताल में बीमाकर्मी हुए शामिल, कार्यालय रहा बंद

*मांगों को लेकर 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का असर शहर में दिखा। आरडीआईईयू के उपाध्यक्ष शिव शंकर पिल्लई ने बताया कि धरमपुरा स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय बंद रहा। जिसके चलते कोई काम नहीं हुआ। सारे कर्मचारी हड़ताल पर रहे। मांगों को लेकर ज्ञापन संघ के राष्ट्रीय और प्रदेश के नेताओं ने प्रबंधन को दिया है।*




# सार्वजनिक बैंकों में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का दिखा असर




**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

- पंजाब नेशनल बैंक में कामकाज रहा ठप
- एसबीआई सहित कई बैंकों में सामान्य रहा लेन-देन

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का असर सोमवार को शहर में मिला-जुला दिखाई दिया। जहां एक ओर पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं में ताले लटके रहे और ग्राहक पूरे दिन परेशान होते रहे। वहीं भारतीय स्टेट बैंक सहित अन्य प्रमुख बैंकों में कामकाज सामान्य रूप से संचालित होता रहा।

हड़ताल के कारण पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा में नकद निकासी, जमा और चेक क्लियरेंस जैसी सेवाएं प्रभावित रहीं। कई उपभोक्ता आवश्यक लेन-देन के लिए पहुंचे, लेकिन बैंक बंद मिलने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। दूसरी ओर एसबीआई और कुछ अन्य बैंकों में सीमित स्टाफ के बावजूद काउंटर सेवाएं जारी रहीं, जिससे आमजन को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

व्यापारिक गतिविधियों पर भी इसका आंशिक प्रभाव देखा गया, हालांकि शहर की आर्थिक रफ्तार पूरी तरह थमी नहीं। बैंकिंग सेवाओं के डिजिटल विकल्पों का उपयोग बढ़ने से भी हड़ताल का असर कुछ हद तक कम रहा।

#### डिजिटल विकल्प बने सहारा

*हड़ताल की सूचना के बावजूद कई ग्राहक पूर्व निर्धारित कार्यों के लिए बैंक पहुंचे। विशेषकर वे लोग जिन्हें नकद लेन-देन या ड्राफ्ट संबंधी कार्य निपटाने थे। पंजाब नेशनल बैंक बंद रहने से सबसे अधिक दबाव इन्हीं ग्राहकों पर दिखा। जबकि अन्य बैंकों में भीड़ अपेक्षाकृत सामान्य रही। दिनभर एटीएम और ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं का सहारा लेकर लोगों ने आवश्यक कार्य पूरे किए। जिससे शहर में अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनी, परंतु जिनकी निर्भरता पूरी तरह शाखा सेवाओं पर थी उन्हें असुविधा उठानी पड़ी।*



# छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक समय पढ़ाई को दें : छिकारा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

- कलेक्टर ने प्री एवं पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण
- अपार आईडी की प्रगति का भी लिया जायजा

कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार को तोकापाल विकासखंड के दौरा निरीक्षण के दौरान तोकापाल के प्री एवं पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से चर्चा कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही छात्राओं ▸▸| शेष पेज 12 पर

#### आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने छात्रावास परिसर, भोजन व्यवस्था, डाइनिंग हॉल, अध्ययन कक्ष, हेल्थ कैम्प, खेल सामग्री, शिक्षकों की उपस्थिति एवं छात्रावास हेतु प्राप्त सामग्रियों का पंजी संधारण का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं से उनकी पढ़ाई और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में खुलकर बातचीत की तथा अधिकारियों को आवश्यक सुधार शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई।

# पोषण आहार उत्पाद की गुणवत्ता सहित स्वच्छता और सुरक्षा संबंधी मापदंडों का करें पालन



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

- कमिश्नर ने रेडी टू ईट उत्पादन यूनिट सोनारपाल का किया औचक निरीक्षण

कमिश्नर डोमन सिंह ने गुरुवार को बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर अंतर्गत सोनारपाल में रेडी टू ईट पोषण आहार उत्पादन यूनिट का आकस्मिक निरीक्षण कर पोषण आहार उत्पाद के गुणवत्ता सुनिश्चित करने कहा। वहीं इस यूनिट में स्वच्छता एवं साफ-सफाई और सुरक्षा मापदंडों का पालन सुनिश्चित ▸▸| शेष पेज 12 पर

#### उत्पाद को तिथिवार करें भंडारित

कमिश्नर ने भंडारण कक्ष में तिथि वार उत्पाद को सुरक्षित तरीके से भंडारित किए जाने कहा। इस दौरान बालाजी महिला स्व सहायता समूह के सचिव रानी मालवीय और सदस्य बसंती कश्यप ने बताया कि उत्पादन संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण के बाद गत जनवरी महीने से उक्त रेडी टू ईट उत्पादन यूनिट का संचालन कर रहे हैं।




### 108 सीढ़ियां और खतरनाक नदी पार कर पहुंचते हैं श्रद्धालु

# महाशिवरात्रि पर गुप्तेश्वर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

- घने जंगल, पहाड़ियां और खोलाब नदी पार कर करते हैं भोलेबाबा के दर्शन

बस्तर से सटे ओडिशा के कोरापुट जिला के व्यापारीगुड़ा ब्लॉक की रामगिरी पर्वत श्रृंखला में स्थित गुप्तेश्वर में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ेगा। सघन वन क्षेत्र की पहाड़ियों के बीच गुफा के भीतर विराजे महादेव के दर्शन के लिए भक्तों को लगभग 108 सीढ़ियों की ऊंचाई पार करनी पड़ती है। कई प्रांत से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। बस्तर जिला मुख्यालय से लगभग 55 किमी दूर माचकोट रेंज के तिरिया वन क्षेत्र से होकर जाने वाला मार्ग बेहद चुनौतीपूर्ण है। जगदलपुर से तिरिया तक पक्की सड़क है लेकिन इसके बाद ▸▸| शेष पेज 12 पर

#### रोमांच के साथ जोखिम

गुप्तेश्वर धाम की पहचान केवल धार्मिक आस्था से नहीं, बल्कि रोमांच और जोखिम से भी जुड़ी है। खोलाब नदी का तेज प्रवाह, बांस के अस्थायी पुल, पहाड़ियों के बीच संकरा रास्ता और घना वन क्षेत्र ये सब मिलकर यात्रा को कठिन बनाते हैं। महाशिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही के बीच सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता बन जाती है। पक्का पुलिया निर्माण की स्वीकृति से उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में यह जोखिम कम होगा और श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम मार्ग मिलेगा।

#### 75 प्रतिशत काम पूरा

तिरिया के सघन वन क्षेत्र के खोलाब नदी पार कर ओड़िसा स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने बांस से चटाई का अस्थाई पुलिया का काम 75 फीसदी पूरा हो चुका है। शनिवार तक शत प्रतिशत कार्य पूरा हो जाएगा।

**सुमित साहा,** रेंजर माचकोट परिक्षेत्र

**खबर संक्षेप**

## छात्राओं ने कुम्हार कार्य का किया अवलोकन



**धनोरा।** पीएम श्री सेजस धनोरा ब्लॉक केशकाल जिला कोंडागांव की छात्राओं ने प्री-वोकेशनल प्रशिक्षण के अंतर्गत कुम्हार कार्य का अवलोकन किया। पीएम श्री सेजस धनोरा विद्यालय द्वारा प्री-वोकेशनल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा छठवीं से आठवीं तक की बालिकाओं को ग्राम बनियागांव धनोरा में कुम्हार कार्य मिट्टी के बर्तन बनाने का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य के आर प्रधान तथा शिक्षिका श्रीमती हर्षा शुक्ला छात्राओं के साथ उपस्थित रहीं। ग्राम बनियागांव में प्रसिद्ध कुम्हार सेवन कुमार चक्रधारी एवं उनकी पुत्री अंजनी चक्रधारी कक्षा सातवीं ने छात्राओं को मिट्टी के बर्तन बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। श्री चक्रधारी ने विस्तारपूर्वक बताया कि चाक पर चढ़ाने से पहले मिट्टी को किस प्रकार तैयार किया जाता है। इसके पश्चात चाक चलाने की विधि तथा विभिन्न प्रकार के बर्तनों को आकार देने की प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आकार देने के बाद मिट्टी के बर्तनों को किस प्रकार सुखाया एवं पकाया जाता है, जिससे वे उपयोग योग्य बनते हैं। छात्राओं ने इस पारंपरिक कला को निकट से देखकर अत्यंत उत्साह एवं जिज्ञासा प्रकट की। छात्राओं द्वारा मिट्टी के बर्तन भी बनाए गए। विद्यालय द्वारा आयोजित यह शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इस प्रकार के प्री-वोकेशनल प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को पारंपरिक व्यवसायों से जोड़ने तथा आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## रेल जोन भुवनेश्वर के महाप्रबंधकका बस्तर प्रवास होगा आज

**जगदलपुर।** रेल जोन भुवनेश्वर के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल का 13 फरवरी को बस्तर प्रवास प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे



स्पेशल सैलून से सुबह लगभग 7 बजे जगदलपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां से वे सीधे सिलकझोडी स्टेशन के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां रेलखंड की सुरक्षा और संरचना का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण उपरांत लगभग 11 बजे जगदलपुर लौटेंगे। दौरे को लेकर रेल प्रशासन अलर्ट है अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। इस दौरान रेल जीएम जगदलपुर स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निमार्णाधीन नए भवन का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा स्टेशन में चल रहे अन्य विकास कार्य फुट ओवर ब्रिज , लिफ्ट स्थापना, प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने तथा यात्री सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दौरे को देखते हुए पिछले दो दिनों से स्टेशन परिसर के आंतरिक व बाह्य भागों, प्रतीक्षालयों और रंगाई-पुताई का कार्य जारी है। स्टेशन दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है ताकि महाप्रबंधक के समक्ष बेहतर प्रस्तुति दी जा सके। दौरे के दौरान विशाखापत्तनम रेल मंडल के डीआरएम ललित बोहरा सहित रेल जोन और रेल मंडल मुख्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# खेलभावना के साथ खिलाड़ी अपनी योग्यता का परिचय दें: नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

**ग्राम कोरकोटी में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट का समापन**

विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोरकोटी में युवा संघठन व समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में दो दिवसीय डे-नाईट प्रो कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक संतराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संतराम नेताम ने कहा कि क्षेत्र में ऐसा कार्यक्रम होते रहना चाहिए, जिससे प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन होता रहे। खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलता है। लक्ष्य निश्चित हो तो सफलता भी निश्चित है, खेल से सद्भावना बढ़ती है, भारतीय खेलों को बढ़ावा जरूरी है। सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं, इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में अहम भूमिका थी। समिति के सदस्यों को यह भी कहना चाहता हूं कि समय-समय पर ऐसे प्रतियोगिता होते रहना चाहिए, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और आने वाली पीढ़ी भी देखकर कुछ सीखेंगे, जिससे हमारे गांव राज्य देश का नाम रोशन होगा। युवा अपनी ऊर्जा खेल में लगाएं, जिससे वे गलत दिशा में नहीं जाए। हर अभिभावक की यही इच्छा होती है कि बच्चे बड़े होकर समाज की सुरक्षा करेंगे। युवाओं में समर्थ, चरित्रवान, सक्रिय व सोच- समझ की क्षमता विकसित तभी होगी जब वह खेल मैदान में होंगे। हमें छोटी सोच व छोटी हार से विचलित नहीं होना चाहिए। खेल भावना के साथ अपनी योग्यता का परिचय दें।

### पुरस्कार राशि व कप विजेता टीम को प्रदान किया

अपनी क्षमता में वृद्धि करें और इसे देखने आने वाली पीढ़ी भी उसी रास्ते पर चले। आपके भीतर हुनर को देखकर छोटे बच्चे आगे बढ़ते हैं, तो उसे किसी कोच की जरूरत नहीं पड़ती। खिलाड़ियों का भाव बचपन से ही भगवान का दिया हुआ होता है, तो इस भाव को निखारने का मौका मिलना चाहिए। पूर्व विधायक संतराम नेताम के हाथो पुरस्कार राशि व कप विजेता टीम कों प्रदान किया गया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जि.पं. सदस्य कपिलकांत नाग, प्रवीण अग्निहोत्री, प्रवीण बरनवाल,रिंकू पाण्डे, सौरभ ठाकुर,छगेन्द्र सिन्हा,गंगा बघेल, निलेश नेगी, हिमांशु मारपी, शुभम राणा,अंकालू रजक,इशू पद्दा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## माता मावली मेला में मंत्री कश्यप व वर्मा ने किया स्टालों का अवलोकन

# बस्तर अंचल के लोगों का मड़ई- मेला लोककला और संस्कृति का संगम: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- 1 करोड़ 76 लाख 59 हजार के कार्यों का भूमिपूजन और 59 लाख 51 हजार के विकास कार्यो का किया लोकार्पण

जिले में आयोजित ऐतिहासिक माता मावली मेले में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता, कौशल विकास और जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास उच्च शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के द्वारा शामिल होकर माता मावली की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

मंत्री कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मावली माता की आशीर्वाद से बस्तर की संस्कृति और परंपरा सदा बना रहे। यह मेला सामाजिक समरसता का उदाहरण है। इस मेले में दूर दूर से आकर लोग मेले का शोभा बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति को जानने के लिए नारायणपुर के मावली माता मेला को जरूर देखें। उन्होंने कहा कि बस्तर अंचल के लोगों का मड़ई-मेला लोक, कला और संस्कृति का संगम है। यह मेला जिले का ऐतिहासिक और ख्याति प्राप्त मड़ई-मेला है। स्थानीय लोगों के सगे-संबंधी दूर-दूर से यहां की लोक, कला, संस्कृति, रीति-रिवाज और परम्पराओं से रूबरू होने एवं देखने प्रतिवर्ष यहां आते हैं। श्री कश्यप ने कहा कि यह मेला 5 दिनों तक लोगों को और सैलानियों को इस मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक देखने को मिलेगा। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता के आशीर्वाद से जिले में चौतरफा विकास हो। आप सभी मेले में आये और मेले का भरपूर आनंद उठाये। उन्होंने मेले में शामिल होकर मेले में लगे विभिन्न दुकानों एवं विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। मंत्री कश्यप ने मेले मे लगे दुकानों से पूजा सामग्री भी खरीदा।



### ये सौगातें दीं

इस अवसर पर उन्होंने 01 करोड़ 76 लाख 59 हजार का भूमिपूजन और 59 लाख 51 हजार रूपये का लोकार्पण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के घोषणा के अनुरूप 10 प्राथमिक शाला भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया, जिसमें प्रत्येक शाला भवन की राशि 14.16 लाख रूपये की मान से 01 करोड़ 41 लाख 60 हजार रूपये स्वीकृत किया गया है। जनपद पंचायत ओरछा अंतर्गत ग्राम कुतुल में 02 नग बाजार शेड निर्माण और ग्राम जाटलूर 02 नग बाजार शेड निर्माण के लिए 34 लाख 99 हजार रूपये तथा जनपद पंचायत नारायणपुर अंतर्गत 59 लाख 51 हजार रूपये की राशि से बागडोंगरी, पालकी और महिमागवाड़ी में बनाई गई खाद्यान भवन का लोकार्पण किया गया। इसी प्रकार नेलवाड़ और खोड़गांव में 100 मीट्रिक टन गोदाम निर्माण का लोकार्पण किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगरपालिका अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल, छोटेडोंगर सरपंच संध्या पवार, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिंकी उसेण्डी, पार्षदगण, जिला एव जनपद पंचायत सदस्य, कलेक्टर नम्रता जैन, पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुड़िया, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ. राजेन्द्र सिंह, सीएमओ नगरपालिका आशीष कोर्राम, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## मजदूर संगठनों की 12 फरवरी की हड़ताल को सीपीआई का समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन
- चार श्रम संहिता के विरोध में जताई आपत्ति

केंद्र सरकार द्वारा 44 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिता में बदले जाने के विरोध में देशभर के मजदूर संगठनों द्वारा 12 फरवरी को किए जा रहे हड़ताल का कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया सीपीआई जिला परिषद् कोण्डागांव ने समर्थन किया है। इस संबंध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला कलेक्टर कार्यालय में सौंपा गया। सीपीआई जिला परिषद् के सचिव शैलेश, सह सचिव दिनेश, लक्ष्मण, बिसम्बर, शिवशंकर, माहंगू, रामचंद, संजीव कुमार, ब्रिज, नाईक, सुखराम सहित अन्य सदस्यों ने 12 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन प्रस्तुत किया और उचित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रें में शिक्षा का स्तर अपेक्षाकृत कम होने के कारण संगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूर पहले से ही शोषण का सामना करते रहे हैं। ऐसे में नए श्रम संहिता लागू होने के बाद मजदूरों की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

### *पूर्व श्रम कानूनों को यथावत रखने की मांग*

*सीपीआई ने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि मजदूर संगठनों की हड़ताल को संज्ञान में लेते हुए चार श्रम संहिता को लागू करने के बजाय पूर्व के श्रम कानूनों को यथावत रखा जाए। उनका सही ढंग से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि मजदूरों के हित सुरक्षित रह सकें। सीपीआई जिला परिषद् ने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए यह आंदोलन जरूरी है और पार्टी मजदूर संगठनों के साथ खड़ी है।*

# लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग संस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए गुरु मंत्र साझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- जिला पंचायत के अकाउंट ऑफिसर गुलशन कुमार ने किया अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन

जिला प्रशासन द्वारा जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान संचालित किया जा रहा है। यहां समय–समय पर जिले के अधिकारी अपने अनुभव साझा कर अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन करते हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत के अकाउंट ऑफिसर गुलशन कुमार ने आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता सुनिश्चित करने के विषय पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

श्री कुमार ने कहा कि अब सफलता के लिए युवाओं को इधर–उधर भटकने की आवश्यकता नहीं है। जिले में ही संचालित इस निःशुल्क कोचिंग संस्थान में गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में एक वर्ष के भीतर 84 अभ्यर्थी सफलता प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों को इंटरनेट युग का सदुपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से तैयारी को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। ए.आई और क्लास नोट्स का सही उपयोग कैसे करें, इस पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

### सीजीपीएससी प्रीलिम्स के लिए प्रभावी रिवीजन टिप्स

22 फरवरी को आयोजित होने वाली सीजीपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रभावी रिवीजन के तरीके बताए गए। कठिन प्रश्नों को बिना घबराए हल करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। पढ़ाई करते समय नींद से कैसे बचें, उत्तर नींद आना स्वाभाविक है। अपने लक्ष्य को हमेशा ध्यान में रखें। जब सपने जागती आंखों से दिखने लगते हैं, तो आलस्य और नींद स्वतः दूर हो जाती है। टाइम मैनेजमेंट कैसे करें, उत्तर समय का महत्व समझें। एक सुव्यवस्थित टाइम टेबल बनाएं और नियमित रूप से उसका पालन करें। अभ्यास से समय प्रबंधन आसान हो जाता है। परीक्षा कक्ष में घबराहट हो तो क्या करें, उत्तर स्वयं पर विश्वास रखें। घबराहट होने पर दो मिनट गहरी सांस लें और याद करें कि आपने पूरी तैयारी की है। शांत मन से आत्मविश्वास के साथ प्रश्नपत्र हल करें। उन्होंने सुझाव दिया कि अभ्यर्थी बिना अलार्म के उठने की आदत विकसित करें तथा पढ़ाई के साथ हल्का मनोरंजन भी शामिल करें, ताकि जीवन में संतुलन बना रहे।

### विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की चल रही हैं कक्षाएं

कार्यक्रम में एसएससी जीडी और व्यापम द्वारा निकाली गई विभिन्न भर्तियों के परीक्षा पैटर्न की जानकारी भी दी गई। लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान जिला पंचायत के पीछे, कोंडागांव में संचालित है। यहां वर्तमान में पीएससी, मंडी उपनिरीक्षक, परिवहन आरक्षक, एसएससी जीडी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है।

# सिविक एक्शन कार्यक्रम में सामाजिक आर्थिक विकास, सशक्तिकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 188 बटालियन सीआरपीएफ का मारीपारा में आयोजन
- नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणोंको बांटी गई उपयोगी सामाग्री, कपड़े


188 बटालियन सीआरपीएफ, मारीपारा द्वारा अपने परिचालनिक क्षेत्र अंतर्गत नक्सल प्रभावित गांवों मारीपारा, केरातोंग, महिमा, लक्कापारा, लस्केपारा, अन्दुमपाल, भंडाररास, रोकेल, लाठीपारा, माटापारा, बेंदरेपानी एवं पेद्दापारा के ग्रामीणों के लिए सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भवेश चौधरी, कमांडेंट 188 बटालियन सीआरपीएफ के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कमल सिंह मीणा उप कमांडेंट, अमर सिंह मीणा सहायक कमांडेंट, निरीक्षक, जीडी निलेश बी. उम्बरे, विजय कुमार, घनश्याम यादव, के.बी. भाई सहित अन्य अधिकारी, जवान, ग्रामीण, स्कूली छात्र–छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कमांडेंट श्री चौधरी ने कहा कि सिविक एक्शन कार्यक्रम केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एवं आर्थिक विकास तथा स्थानीय लोगों के सशक्तिकरण का माध्यम है। ऐसे आयोजनों से क्षेत्रवासियों और सुरक्षा बलों के बीच विश्वास, सहयोग और मधुर संबंध मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास को बढ़ावा देकर युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है और उन्हें नक्सलवाद से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में नक्सल विचारधारा कमजोर पड़ रही है, जिसमें सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



### 1000 से अधिक ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम में 07 स्कूलों एवं 3 छात्रावासों के छात्र–छात्राओं सहित 12 से अधिक गांवों के लगभग 1000 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों, अध्यापकों और विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है। विद्यार्थियों को मिला शैक्षणिक सामग्री स्कूल बैग एवं लेखन सामग्री का वितरण किया गया। ग्रामीण महिलाओं को साड़ी वितरित की गई। युवाओं को खेल सामग्री क्रिकेट किट, वॉलीबॉल किट एवं फुटबॉल किट प्रदान की गई। ग्रामीणों को चार्जेबल एलईडी बल्ब वितरित किए गए। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित सभी ग्रामीणों एवं स्कूली छात्र–छात्रओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। वितरण की गई सामग्री से ग्रामीण एवं विद्यार्थी अत्यंत प्रसन्न नजर आए और उन्होंने सीआरपीएफ के इस प्रयास की भूरी–भूरी प्रशंसा की।

## भूमकाल रैली में विवादित गीत पर सर्व समाज की नाराजगी




**जगदलपुर।** भूमकाल स्मृति दिवस पर निकाली गई रैली के दौरान डीजे में विवादास्पद गीत बजने का मामला सामने आने के बाद चर्चा तेज हो गई है। मामले की जानकारी पुलिस के माध्यम से आदिवासी समाज के संज्ञान में आई। बताया गया कि रैली के दौरान युवा धुन में थे। समाज प्रमुखों को तत्काल इस बात की जानकारी नहीं हो सकी कि डीजे पर किस प्रकार का गीत प्रसारित हो रहा है। इस संबंध में संयुक्त पत्रवार्ता में सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने खेद व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि बस्तर का सर्व समाज पुलिस और प्रशासन के साथ है तथा क्षेत्र में शांति स्थापना का पक्षधर है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो से प्रतीत होता है कि संबंधित गीत बस्तर में निर्मित नहीं है। हिड़मा को बस्तर हित में संघर्षरत बताने की बातों को उन्होंने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि हिंसा और उग्रवाद कभी भी बस्तर के विकास का मार्ग नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन जिस तरह शांति और स्थिरता के लिए प्रयासरत हैं उसमें बस्तरवासी सहयोगी की भूमिका निभा रहे हैं। भविष्य में ऐसे आयोजनों में अधिक सतर्कता बरती जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री का प्रसारण न हो। पत्रवार्ता में दिनेश यदू, पप्पू नाग, बसंत कश्यप व रामेश्वर बिसाई सहित अन्य समाज प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**1910 के ऐतिहासिक भूमकाल विद्रोह के वीरों को किया नमन**

# बाबा साहेब सेवा संस्था में श्रद्धा और गौरव के साथ मना भूमकाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत

बस्तर अंचल के स्वाभिमान और अदम्य साहस के प्रतीक भूमकाल दिवस को बाबा साहेब सेवा संस्था कोंडागांव द्वारा गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में वर्ष 1910 के ऐतिहासिक भूमकाल विद्रोह के महानायक वीर गुंडाधुर सहित उन सभी आदिवासी वीरों के बलिदान को याद किया गया जिन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया था।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक न्याय के विचार और गुंडाधुर जैसे आदिवासी नायकों के संघर्ष एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भूमकाल विद्रोह केवल इतिहास नहीं, बल्कि वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। आयोजन के दौरान वक्ताओं ने स्थानीय इतिहास, आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में अपने क्षेत्र और विरासत के प्रति गर्व की भावना जगाते हैं तथा समाज में एकजुटता और भाईचारे को मजबूत करते हैं।




### पदाधिकारियों की रही सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी सुधराम मरकाम, नरसिंह मंडावी सचिव, ओमप्रकाश नाग, हितेंद्र कुमार श्रीवास उपाध्यक्ष, मुकेश मार्कंडेय, सिद्धार्थ महाजन, धनपत नेताम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज में जागरुकता फैलाने का संकल्प लिया। भूमकाल दिवस का यह आयोजन कोंडागांव में आदिवासी इतिहास, सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक गौरव को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

**पेज 11 के शेष**

### छात्र-छात्राएं अधिक से...

से संवाद कर उनके भविष्य की योजनाओं पर मार्गदर्शन दिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अधिक से अधिक समय पढ़ाई को दें। पढ़ाई के साथ ही एक जागरूक नागरिक बनने के लिए आत्मनिर्भर व्यक्ति बनें और टीम भावना से काम करने की क्षमता का विकास करें। भविष्य में क्या बनना है इस हेतु अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए कक्षा नवमीं से बारहवीं तक प्रारंभिक तैयारियां कर लिया जाना चाहिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ प्रतीक जैन, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत भी उपस्थित रहे ।

### पोषण आहार उत्पाद...

किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने रेडी टू ईट उत्पादन में संलग्न बालाजी महिला स्व सहायता समूह की सदस्य महिलाओं से उत्पादन संबंधी गतिविधियों के बारे में विस्तार से पूछा और लक्षित बच्चों एवं माताओं के पोषण से संबंधित उक्त कार्य को पूरी तरह सजगता एवं समर्पित होकर संचालित करने की समझाइश दी। कमिश्नर ने रेडी टू ईट उत्पादन यूनिट में कार्य करने वाले महिला सदस्यों की सुरक्षा के मद्देनजर समुचित पोशाक और दस्ताने धारण करने और स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखने कहा। वहीं सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए शिफ्ट में कार्य करने की समझाइश दी।

### महाशिवरात्रि पर गुप्तेश्वर...

कच्चा, संकरा और पहाड़ी रास्ता शुरू होता है। श्रद्धालुओं को खोलाब नदी के तट तक पहुंचकर बांस की अस्थायी चटाइयों और संकरे पुलों के सहारे तेज प्रवाह को पार करना पड़ता है। थोड़ी सी चूक जानलेवा साबित हो सकती है। हर वर्ष माचकोट रेंज का वन अमला खोलाब नदी पर दो दर्जन से अधिक अस्थायी बांस पुलों का निर्माण कर श्रद्धालुओं की राह आसान बनाने का प्रयास करता है फिर भी जोखिम बना रहता है। इस बीच पक्का पुलिया निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने के बावजूद कार्य प्रारंभ न होना श्रद्धालुओं के लिए चिंता का विषय है। विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव ने गत वर्ष इस स्थल पर पक्का पुलिया निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराई है।

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर



**भोण्ड।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मधोता में महाशिवरात्रि के आयोजन को लेकर ऐतिहासिक शिव मंदिर में वृहद तैयारी चल रही है। भगवान भोलेनाथ की विशेष आराधना के लिए सजाया संवारा जा रहा है। शिव मंदिर पुजारी जम्मू सिंह ठाकुर ने बताया कि पूजन के लिए मंदिर को सजाया जा रहा है। सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन पूजार्चना जारी रहेगी। रात्रि मनोरंजन हेतु उड़िया नाटक व दूर दराज से आए श्रद्धालुओं के लिए भोजन व विश्राम की व्यवस्था भी मंदिर समिति द्वारा की गई है। बता दें कि मधोता का शिवरात्रि मेला इस क्षेत्र का ऐतिहासिक मेला में से एक है। वहीं आज से मेले की तैयारी भी शुरू हो रही है।

### मृतकों के परिजनों को 16 लाख की सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु में मृतिका रीना बरसा के निकटतम वारिस उनके पिता रामा बरसा, मृतिका संजना बोग्गुल के निकटतम वारिस उनकी माता सपना बोग्गुल, मृतिका शांति सोढ़ी के निकटतम वारिस उनकी माता मोगंडी सोढ़ी एवं मृतक संपत बोग्गुल के निकटतम वारिस उनकी पत्नि सपना बोग्गुल सहित प्रत्येक परिजन को 4-4 लाख रूपये कुल 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### आत्मसमर्पण से पुनर्वास तक राजेश



बीजापुर। राजेश एक साधारण ग्रामीण परिवार से संबंध रखता है, उसका जन्म एक आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवार में हुआ। युवावस्था के दौरान नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित हो गया। समय के साथ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर स्वेच्छा से मार्च 2025 में आत्मसमर्पण किया। शासन द्वारा निर्धारित पुनर्वास केन्द्र बीजापुर में राज मिस्त्री (मेसन) का कार्य प्रशिक्षण प्रदान किया जिससे वह निर्माण कार्य से संबंधित तकनीकी कौशल अर्जित कर सका। प्रशिक्षण उपरांत राजेश वर्तमान में तेलंगाना राज्य के मुलगु जिले में मेसन निर्माण श्रमिक के रूप में प्रतिदिन 600 की मजदूरी पर कार्यरत है।

# अब फुटबॉल में भी अव्वल बनेगा दंतेवाड़ा : अटामी

## विधायक ने किक लगाकर किया फुटबाल फॉर स्कूल अभियान की शुरूआत

- फीफा के सहयोग से हर स्कूल को बांटे जाएंगे फुटबॉल
- नवोदय विद्यालय बारसूर में अभियान का शुभारंभ



**स्कूलों को फुटबाल वितरित किया**

मुख्य अतिथि व विधायक चैतराम अटामी ने फुटबॉल को किक लगाकर अभियान की रस्मी शुरुआत कर विभिन्न स्कूलों को फुटबाल वितरित किया। इस मौक़े पर संतोष ट्रॉफी फुटबाल प्लेयर बी गौरव, अजय कश्यप, संजय विश्वकर्मा, खेल शिक्षक रुचिन तिवारी, कोच प्रशांत कुमार मौजूद थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

फुटबाल खेल को लोकप्रिय बनाने अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल महासंघ फीफा जिले के स्कूलों में फुटबॉल वितरित करवा रहा है। फुटबाल फॉर स्कूल प्रोग्राम के तहत जिले में इस अभियान की शुरुआत पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में हुई।

इस मौक़े पर मुख्य अतिथि व विधायक चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि फुटबॉल ऐसा खेल है, जो न सिर्फ दौड़ने की क्षमता बढ़ाता है, बल्कि सम्पूर्ण शरीर का विकास करता है। लेकिन बच्चे क्रिकेट को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे हॉकी और फुटबॉल खेल लुप्तप्राय होने लगे हैं। इसीलिए दंतेवाड़ा जिले में फुटबाल के खेल को बढ़ावा देने अभियान चलाया जाएगा। स्वयं के गृहग्राम कासोली में इसी साल जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित कर चुके हैं। भविष्य में संभाग स्तरीय मुकाबले भी होने लगेंगे। केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय ने फीफा के सहयोग से फुटबॉल पर स्कूल अभियान शुरू किया है, जो स्वागतेय है। विधायक अटामी ने नवोदय विद्यालय के बच्चों के संगीत दल को सराहते कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ ही खेलकूद व संगीत को भी बढ़ावा दिया जाना सराहनीय है। विधायक ने विद्यालय परिसर में आगामी मार्च तक घोषणा के अनुरूप खेल मैदान समतलीकरण व हाई मास्ट लाइट का कार्य करवाने का भरोसा दिलाया।

इसके पूर्व स्वागत उद्बोधन में संस्था प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने कहा कि भारत सरकार के खेल व शिक्षा मंत्रालय ने नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा के साथ खेलों को बढ़ावा देने युनेस्को, अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ फीफा, भारतीय फुटबॉल महासंघ के सहयोग से फुटबॉल फॉर स्कूल अभियान शुरू किया है। अभियान के लिए नवोदय विद्यालय को नोडल एजेंसी बनाया गया है। दंतेवाड़ा जिले में 98 स्कूलों को दर्ज संख्या के अनुपात में फुटबाल वितरित किये जाएंगे।

## सीएमएचओ प्रत्येक 10 दिवस में करेंगे निरीक्षण

# स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने कलेक्टर ने किया सीएचसी, एमसीएच का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



- ईसीटीसी कक्ष के प्रभारी तकनीशियन की लापरवाही पर नोटिस जारी करने कहा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ड्रग वेयर हाउस गीदम का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं, साफ-सफाई एवं उपलब्ध संसाधनों की स्थिति का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सर्वप्रथम कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने फिजियोथेरेपी कक्ष, नेत्र परीक्षण कक्ष, डॉट्स प्रयोगशाला, स्टोर रूम, चिकित्सक कक्ष, दंत चिकित्सा कक्ष, लैब टेस्ट कक्ष, ईसीटीसी, सैंपल संग्रह कक्ष, ड्रेसिंग रूम सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था, वार्डों की स्वच्छता, शौचालयों की स्थिति, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, दवाइयों एवं चिकित्सीय उपकरणों की उपलब्धता तथा अभिलेख संधारण की स्थिति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासकीय कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को संबंधित कर्मियों की पहचान में आसानी हो। साथ ही अस्पताल की समस्त कागजी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्टोर रूम में उपलब्ध दवाइयों के स्टॉक की जानकारी ली तथा दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ को प्रत्येक 10 दिवस में स्वास्थ्य संस्थानों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। लैब टेक्नीशियन को मरीजों की जांच पूरी गंभीरता एवं सावधानी से करने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही सीएमएचओ को कर्मचारियों की छुट्टियों की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं नर्सिंग स्टेशन में ड्यूटी रोस्टर की जानकारी लेकर व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने सीएमएचओ को संबंधित एसडीएम के साथ जीडीएस की बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक छोटे-छोटे मरम्मत कार्य शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए, ताकि भवन एवं आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके। साथ ही ईसीटीसी कक्ष के प्रभारी तकनीशियन की लापरवाही पर कलेक्टर ने उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जनरल वार्ड का भी अवलोकन किया तथा भर्ती मरीजों से संवाद कर उनके उपचार एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने एक मरीज से बातचीत कर उसकी स्थिति पूछी। मरीज ने बताया कि वह कटुलनार से उपचार हेतु आया है। कलेक्टर ने मरीजों को बेहतर इलाज एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली।

कलेक्टर ने सोनोग्राफी कक्ष, मातृ एवं शिशु वार्ड, प्रसव कक्ष सहित अन्य आवश्यक कक्षों का अवलोकन किया और साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वार्ड में भर्ती कासोली निवासी महेश नेताम की पुत्री सुनीता नेताम के उपचार एवं देखरेख की जानकारी चिकित्सकों से ली तथा परिजनों से चर्चा कर उपचार की गुणवत्ता और सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया।

# कलेक्टर और ने खाई फाइलेरिया की दवा

## बोर्ड परीक्षा की तैयारी के दिए टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार को तोकापाल और बास्तानार विकासखंड का दौरा किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के साथ मवालीभाटा में स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया। साथ ही फाइलेरिया नियंत्रण अभियान के तहत आयोजित दवाई वितरण कार्यक्रम में दवाई डीईसी और कृमिनाशक एल्बेंडाजोल का सेवन किया। उन्होंने स्कूली बच्चों को भी दवाइयों का सेवन के लिए प्रेरित किए।

उन्होंने मवालीभाटा हाईस्कूल में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करने, उत्तर पुस्तिका में लेखन का प्रयास, आत्मविश्वास के साथ 6 से 8 घंटे पढ़ाई करें ताकि बेहतर अंक हासिल किया जा सके।



# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में मनाया गया आशीर्वाद समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी परचनपाल बस्तर में धूमधाम से मनाया गया आशीर्वाद समारोह। ग्यारहवीं के छात्रों ने कक्षा बारहवीं के मेधावी छात्रों को विदाई दी, जिसे आशीर्वाद समारोह के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की फोटो के सामने दीप प्रज्वलन के साथ हुई। शाला के प्राचार्य त्रिभुवन साहू ने बारहवीं के छात्रों को आशीर्वाद दिया और उन्हें अच्छे व्यक्तित्व एवं आने वाले बोर्ड परीक्षा की तैयारी के विषय में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को पढ़ाई से डरना नहीं है, बल्कि उसे समझ के समय सारणी के अनुसार पढ़ना चाहिए और पढ़ाई को रुचिकर बनाना चाहिए। कार्यक्रम में अनेक प्रकार के खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्रों ने अपने शाला से जुड़े अनुभवों को साझा किया। विषय शिक्षकों ने भी छात्रों को आने वाले परीक्षा व नए जीवन के लिए अनेक सूत्र दिए। शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कार्यक्रम पूर्ण हुआ।

# कला और संस्कृति की जानकारी लेने गुजरात जायेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिले के होनहार छात्र छात्रा भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रेरणा उत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। गुजरात के बड़नगर जाकर प्रेरणा उत्सव के चयनित 2 बच्चे भारत के कला एवं संस्कृति की जानकारी प्राप्त करेंगे। बच्चों का चयन पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर में विभिन्न योग्यता का आकलन कर प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया। चयनित छात्र राहुल ओयाम पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर एवं छात्रा निशा यादव स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भैरमगढ़ को कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय अरुण कुमार, डीईओ एलएल धनेलिया ने चयन होने की बधाई देते हुए भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दी। चयनित बच्चों के आने जाने एवं रहने तथा भोजन की व्यवस्था नवोदय विद्यालय समिति के माध्यम से किया जाएगा।

# शासकीय विद्यालय संस्कार व सामाजिक सद्भावना का केंद्र है : शिक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



- बस्तर संभाग के लगभग 400 से अधिक लोग लाभान्वित हुए

विगत 12 वर्षों से प्राचार्य बनने का सपना देख रहे 2800 व्याख्याताओं को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा बिना किसी विवाद के प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया गया। जिसमें बस्तर संभाग के लगभग 400 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। पदोन्नति की खुशी में प्राचार्य पेंशनर्स एसोसिएशन के द्वारा अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से रमाकांत द्विवेदी, बृजेश प्रसाद, श्रवण देवांगन, हेमराव खापर्डे, दुर्गम तिरुपति, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, शाहीन शेख, मीना जाधव, सुमित्रा बोरकर, रेणु परिदा बड़ी संख्या में पदोन्नत प्राचार्य बस्तर सम्मिलित हुए। समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, अहिवारा विधान सभा के विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डोमन लाल कोर्सेवाडा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा और रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. शैलेंद्र पटेल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री ने उपस्थित प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय विद्यालय बच्चों के संस्कार एवं सामाजिक सद्भाव के केंद्र है । उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालय में गरीब , अमीर तथा समाज के सभी समुदाय के बच्चे एक साथ अध्ययन करते हैं। पहले जब शासकीय विद्यालय में संसाधन का अभाव था तो छात्रों की दर्ज संख्या बहुत ज्यादा थी किंतु आज जब शासकीय विद्यालय में पर्याप्त संसाधन है।

तब शासकीय विद्यालयों में निरंतर कम हो रही दर्ज संख्या हमारे शिक्षकों एवं प्राचार्यों के लिए एक चिंतन का विषय है। उन्होंने बताया कि मेरे कार्यकाल में पदोन्नति का कार्य प्राथमिकता में है जो कि निरंतर जारी रहेगा तथा शिक्षकों की उचित मांगों पर सार्थक निर्णय समय पर लिए जाएंगे। विशिष्ट अतिथि केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त कोर्सेवाडा ने कहा कि समय के साथ शिक्षकों के सम्मान में परिवर्तन हुआ है। पहले समाज का उच्च प्रतिष्ठित व्यक्ति, शिक्षकों को सम्मान देता देता था किंतु आज परिस्थिति और लोगों की सोच बदल गई है। इसी कड़ी में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने उद्बोधन से गम्भीर बातों को चुटीले अंदाज़ में रखकर जमकर हंसाया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास के कारण सम्मेलन में मुख्यमंत्री नहीं आ सके परंतु आप लोगों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने मंच से मुख्यमंत्री का अभिनंदन कार्यक्रम रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में कराने की घोषणा की। समारोह को विश्वविद्यालय के कुल सचिव पटेल ने भी संबोधित किया। प्रिंसिपल एसोसिएशन के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी पदोन्नत प्राचार्यों को बधाई दी।



# व्हालीबाल प्रतियोगिता का शानदार आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण युवाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय जिला स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज मिनी स्टेडियम, बीजापुर में हुआ। 12 एवं 13 फरवरी तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूज कुजूर, कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे एवं जिला खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिले के 28 गांवों की ग्राम पंचायतों की टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिससे प्रतियोगिता में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल बना हुआ है। आयोजन समिति द्वारा विजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि की घोषणा की गई है।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 51000 एवं ट्रॉफी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 21000 एवं ट्रॉफी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11000 एवं ट्रॉफी इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विशेष बात यह है कि प्रतियोगिता में चयनित जिले की टॉप 4 टीमों को आगामी 18, 19 एवं 20 फरवरी को आयोजित होने वाले ऑल इंडिया टूर्नामेंट में डायरेक्ट एंट्री दी जाएगी जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

---

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**ओरछा जिला नारायणपुर**
**नाम परिवर्तन हेतु शपथ-पत्र**

मैं भुनेश कुमार नेताम पिता रामजी नेताम निवासी मोहन्दी तहसील कोहकामेटा जिला नारायणपुर छ.ग. 494661 का हूं। शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि -

1. यह कि मैं ग्राम मोहन्दी तहसील कोहकामेटा जिला नारायणपुर छ.ग. 494661 का/की निवासी हूं।
2. यह कि जितेश कुमार नेताम पिता रामजी नेताम मेरा छोटा भाई है वह मेरे ही संरक्षण में रहता है। एवं मै ही उसका पाल्य हूँ।
3. यह कि मेरे भाई का नाम जितेश कुमार नेताम एवं उसके पिता का नाम रामजी नेताम है एवं उसका जन्मतिथी 05/01/2009 है। जो सत्य व सही है एवं जो उसके कक्षा 10वीं के अंकसूची में अंकित है।
4. यह कि मेरे भाई जितेश कुमार नेताम पिता रामजी नेताम के नाम से आधार कार्ड क्रमांक 3401 0571 5700 जारी हुआ है। जिसमें मेरे भाई जितेश कुमार नेताम पिता रामजी नेताम का नाम अली एवं उसके पिता का नाम रामजी एवं उसका जन्मतिथी 01/01/2010 लिखा गया है। जिसे मैं सुधरवाकर मेरे भाई का नाम जितेश कुमार नेताम उसके पिता का नाम रामजी नेताम एवं उसका जन्मतिथी 05/01/2009 लिखवाना चाहता हूं।
5. यह कि यह शपथ पत्र मेरे भाई के आधार कार्ड, अंकसूची एवं उसके भाई दस्तावेजों अन्य अभिलेखों में मेरे भाई का नाम जितेश कुमार नेताम एवं उसके पिता का नाम रामजी नेताम एवं उसका जन्मतिथी 05/01/2009 अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

:: सत्यापन ::

मैं भुनेश कुमार नेताम पिता रामजी नेताम निवासी मोहन्दी तहसील कोहकामेटा जिला नारायणपुर छ.ग. 494661 शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र बयान की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 5 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 08/10/2025 स्थान नारायणपुर में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं।

भुनेश
**शपथकर्ता**

---

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**//उद्घोषणा पत्र//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुमनलाल ठाकुर पिता स्व. जीवराखन लाल ठाकुर जाति हल्बा निवासी गांधी नगर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने पत्नि स्व. सरीता ठाकुर पति श्री सुमनलाल ठाकुर निवासी गांधी नगर वार्ड जगदलपुर का मृत्यु दिनांक 03/02/2019 को निवास स्थान शहर निवासी गांधी नगर वार्ड जगदलपुर में हुआ है आवेदक किसी कारण से अपने पत्नि का मृत्यु 03/02/2019 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था । वर्तमान में आवेदक को अपने पत्नि का मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 26/02/2026 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी ।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

(मुहर)

**तहसीलदार (नजूल)**
**जगदलपुर**

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-89/अ-6/2025-2026

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक मोहन असरानी पिता स्व. गुरूमुख दास असरानी निवासी दुर्गा चौक सुभाष वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला भैरमगंजपारा स्थित शीट नं. 91 प्लॉट नं.- 95/7 क्षेत्रफल 588 वर्गफीट भू-भाटक 2.76 रूपये की भूमि खातेदार मु.नानकी बाई पति गुरूमुख दास असराणी के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार मु.नानकी बाई पति गुरूमुख दास असराणी की मृत्यु दिनांक 19.03.2012 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतक खातेदार का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर विधिक वारिसो का नाम नजूल अभिलेख मे दर्ज किये जाने हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में स्वयं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/02/2026 तक इस न्यायालय में आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथी उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 09/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

(मुहर)

**नजूल अधिकारी**
**जगदलपुर**

---

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ 20260215100026/ब-121/2025-26

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जारा मौर्य पिता फुलसिंग जाति मुरिया ग्राम करेकोट तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदक शासकीय कार्य हेतु अपने स्वंय का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यह कि आवेदक अपने स्वंय जारा मौर्य पिता फुलसिंग का जन्म दिनांक 01/10/1959 को दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी तिथि 13/02/2026 को नियत किया गया है, वह उद्घोषणा ग्राम पंचायत करेकोट के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । समय उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक 02/02/2026

(मुहर)

**तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### किसानों को 10 हजार करोड़ की बड़ी सहायता

जगदलपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में



लिए गए निर्णयों का स्वागत करते हुए भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह संयोजक मनीष पारख ने होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान करने के निर्णय को किसान हितैषी बताया है।
जारी बयान में उन्होंने कहा है कि घोषणा पत्र में जो वादा किया था वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप पूरा हो रहा है। लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। साय सरकार ने भरोसे की नई मिसाल कायम की है। यह निर्णय दर्शाता है कि सरकार का सुशासन केवल कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हो रहा है।
उन्होंने कहा कि किसानों के हाथ में पैसा आएगा तो बाजार में भी आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी, जिसका सीधा लाभ व्यापारियों, लघु उद्योगों एवं उनके कर्मचारियों को मिलेगा। इस प्रकार यह निर्णय प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला सिद्ध होगा और इसका प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ समस्त छत्तीसगढ़वासियों को प्राप्त होगा।

### बिजली की नई दरों पर जनसुनवाई 18 को

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली की नई दरों के निर्धारण और आगामी वर्षों की कार्ययोजनाओं के तहत जगदलपुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए आगामी 18 फरवरी को जन-सुनवाई का आयोजन किया गया है। इस जन-सुनवाई के माध्यम से क्षेत्रीय उपभोक्ता, विभिन्न संगठन और राजनीतिक दल बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तुत याचिकाओं पर अपनी आपत्तियाँ और सुझाव सीधे आयोग के समक्ष रख सकते हैं। जगदलपुर के स्थानीय निवासियों के लिए यह सुनवाई दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

# सोने की चेन व नगद देखकर भी नहीं डोला रगांधर का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सड़क पर मिले पर्स जिसमें सोने का चेन व नगद रकम था युवक ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए बोधघाट थाना पहुंचकर थानेदार को सौंप दिया। युवक ने साबित किया कि ईमानदारी आज भी जिंदा है और उसकी ईमानदारी की जमकर तारीफ कर रहे है। मामला बुधवार दोपहर की है जब बोधघाट थाना प्रभारी बस ऑपरेटरों व दुकान सचांलकों की बैठक ले रहे थे तभी एक युवक वहां पहुंचा और एक पर्स थानेदार लीलाधर राठौर को सौंप दिया उस पर्स में सोने की चेन के अलावा नगद रकम व अन्य दस्तावेज थे। युवक रगांधर बाग ने बताया कि वह ट्रेक्टर एजेसीं में काम करता है दोपहर में अतिथि होटल के करीब सड़क पर उसे एक पर्स मिला जिसे खोलकर देखने में पर उसमें सोने का चेन, नगद व अन्य दस्तावेज मिले बावजूद उसे अपने पास रखने के उसने थाना पहुंचकर उसे थानेदार को सौंप दिया। दस ग्राम सोने की कीमत आज डेढ़ लाख रूपए से अधिक है बावजूद उसने लालच नहीं किया ओर पूरी ईमानदारी से पुलिस को सौंप दिया। थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के अलावा थाने में मौजूद स्टॉफ और अन्य लोगों ने उसकी ईमानदारी की जमकर तारीफ की। थानेदार ने उसका सम्मान करते हुए कहा कि आज भी ईमानदारी जिंदा है इसे गंगाधर ने साबित कर दिया है।

## पर्स के मालिक का पता कर थानेदार ने सौंपा सामान

**खास बातें**

- युवक ने साबित किया ईमानदारी अभी भी जिंदा है, सड़क पर मिले पर्स को थाने में कराया जमा



### युवक का पता लगाकर किया जा रहा सम्पर्क

टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि पर्स में मिले दस्तावेज से युवक का पता लगाया गया है। दरभा थाना क्षेत्र के ग्राम कौटमसर तीरथगढ़ का रहने वाला है। उसका मोबाईल नम्बर पता कर उससे सम्पर्क का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए खबर भेजा गया है जल्द ही उसे उसका सामान सुपुर्द कर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि युवक किसी काम से जगदलपुर आया था इसी दौरान उसका पर्स खो गया था।

## बंकेपारा आंगनवाड़ी केंद्र में आकाश छिकारा ने लिया वजन त्यौहार के तहत पोषण स्तर का जायजा

# बच्चों के बीच जमीन पर बैठे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिले के मुखिया जब जनता के बीच पहुंचकर उनके दुख-सुख और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हैं, तो प्रशासन के प्रति विश्वास और गहरा हो जाता है। कुछ ऐसा ही नजारा गुरुवार को कोड़ेनार के बंकेपारा में देखने को मिला, जहां कलेक्टर आकाश छिकारा ने आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने न केवल प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी कीं, बल्कि एक अभिभावक की तरह बच्चों के बीच समय बिताया।



कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र में स्वयं बच्चों के पास जाकर उनका वजन त्यौहार के तहत बच्चों का वजन लिया, उनका कद नापा और पोषण स्तर की माप भी लिया। इस प्रक्रिया के दौरान वे पूरी तरह बच्चों के साथ रमे नजर आए। प्रशासनिक प्रोटोकॉल की परवाह न करते हुए वे बच्चों के साथ जमीन पर ही बैठ गए और उनसे आत्मीय बातचीत शुरू कर दी। कलेक्टर को अपने इतने करीब पाकर बच्चे भी उत्साहित दिखे, जिसकी खुशी तब दोगुनी हो गई जब श्री छिकारा ने उन्हें टॉफियां बांटीं।

संवाद का यह सिलसिला केवल बच्चों तक ही सीमित नहीं रहा। कलेक्टर ने केंद्र में उपस्थित गर्भवती माताओं और किशोरी बालिकाओं से भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी और पोषण योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी। छिकारा ने हितग्राहियों से पूछा कि उन्हें योजनाओं का लाभ नियमित रूप से मिल रहा है या नहीं, और इस संबंध में उनकी सीधी प्रतिक्रिया ली। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि पोषण आहार और स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, एसडीएम तोकापाल शंकर लाल सिन्हा एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे ।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

जगदलपुर। स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े किलेपाल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रभागों जैसे बाह्य रोगी विभाग, दवा वितरण केंद्र, प्रसव कक्ष और भंडार कक्ष का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में चिकित्सकों और पैरामैडिकल स्टाफ की रोस्टर अनुसार डयुटी चार्ट का प्रदर्शित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने सहित सुविधाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र का भी दौरा किया और वहां मौजूद बच्चों के स्वास्थ्य तथा उन्हे दी जा रही पोषण आहार एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।
कलेक्टर ने प्रसव कक्ष में व्यवस्था को बेहतर करने सहित विभिन्न बीमारियों की आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों से आत्मीय चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि क्षेत्र के कई ग्रामीणों के पास राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है, जिसकी वजह से उनके आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे हैं और वे मुफ्त इलाज की सुविधा से वंचित हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी पात्र हितग्राहियों के राशन कार्ड तत्परता से बनाए जाएं, ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु आयुष्मान योजना का सीधा लाभ मिल सके।



## फुटबॉल स्पर्धा में कोरबा को हराकर जगदलपुर बना चैम्पियन



जगदलपुर। पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता राजनांदगांव में आयोजित किया गया। इस स्पर्धा में विजयी खिताब जगदलपुर क्षेत्र के नाम रहा। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में जगदलपुर क्षेत्र ने कोरबा पश्चिम को 2-1 से हराकर इतिहास दर्ज करते हुए शानदार जीत हासिल की। पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 10 वर्षों से विजेता की खिताब जीतने वाली टीम कोरबा पश्चिम इस बार अपने बेहतर प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाई। फाइनल मुकाबले के पहले हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। जगदलपुर क्षेत्र की टीम ने इस बार अद्भुत खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले हॉफ में ही गोल कर कोरबा पश्चिम की टीम पर दबाव बनाया। फिर मुकाबले में कोरबा पश्चिम की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए गोल दागकर मुकाबले में बराबरी हासिल कर ली। क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के तत्वाधान में 7 से 9 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता कोरबा की टीम को शील्ड एवं उपविजेता रही राजनांदगांव की टीम को रनर शील्ड प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के सचिव अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की, अधीक्षण अभियंता एस. कंवर, केसी खोटे, कार्यपालन अभियंता एनके साहू, एमके साहू, एडी टंडन, बीरबल उइके, कौशलेन्द्र पाण्डे, एसपी जैकब, रविकांत शर्मा, श्रीमती कांती नेताम, पीआरओ डीएस मंडावी, डी. दिलेश्वर राव, अनिल मिंज, प्रकाश सोनटापर, हिरदेर राम कंवर, वीरेन्द्र देवांगन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

# मुख्य अभियंता के तीखे तेवर से चलित प्रयोगशाला से सड़कों का गुणवत्ता की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता के कड़े रुख के बाद, चलित प्रयोगशाला वाहन द्वारा निर्माणधीन सड़कों की गुणवत्ता

- सड़क की कटिंग व किया मिट्टी, गिट्टी, कांक्रीट, बिटूमन कटेंट, डब्ल्यूएमएम टेस्ट

जांच की जा रही है। यह पहल खराब सड़कों के मुद्दे पर कड़ी कार्रवाई का हिस्सा है, जिससे ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है और यह सुनिश्चित करने के लिए है कि निर्माण मानक के अनुरूप हों। सीई के निर्देश में चलित प्रयोगशाला वाहन को बीजापुर जिले के अंदरूनी प्रभावित क्षेत्र में पहुंची। प्रयोगशाला से निर्माणाधीन सड़कों के गुणवत्ता जांच करने निर्माणाधीन सामग्रियों का चलित प्रयोगशाला वेन से मिट्टी, गिट्टी, कांक्रीट, बिटूमन कटेंट, डब्ल्यूएमएम टेस्ट किया। सड़कों का लेब के कर्मचारियों ने जांच के लिए सड़क की कटिंग की, जांच में सड़कों में से निर्माण कार्य के डामरीकरण, रोलिंग और थिकनेस भी देखा। हालांकि अचानक चलित प्रयोगशाला वेन से गुणवत्ता की जांच होने से ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि यह वाहन मौके पर जाकर मटेरियल की जांच करेगा, लैब की सक्रियता की वजह से ठेकेदारों में घटिया सामग्री पकड़ी जाएगी।





### मनमानी से ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने बताया कि चलित प्रयोगशाला वाहन के टीम को सप्ताह में लगभग दो दिन निर्माणाधीन सड़कों की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। सड़कों की गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जाएगा। सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता में मनमानी करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## रिसर्च स्कॉलर विजिट, शोध प्रकाशन आदान-प्रदान, संयुक्त सेमिनार करेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में प्राध्यापकों के लिए सब्जेक्ट एक्सपर्ट टू-वे इंटरेक्शन प्रोग्राम का आयोजन

- शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय और गवर्नमेंट वीवायटी पीजी कॉलेज दुर्ग के बीच एमओयू

किया गया। जिसमें दुर्ग और राजनांदगांव के महाविद्यालयों से आए विषय विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, नवीन टीचिंग पैटर्न और अकादमिक गतिविधियों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य फैकल्टी की प्रोफेशनल कैपेबिलिटी को सुदृढ़ करना और शिक्षण पद्धति को अधिक प्रभावी बनाना रहा।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी की उपस्थिति में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय और गवर्नमेंट वीवायटी पीजी कॉलेज दुर्ग के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत दोनों संस्थाएं फैकल्टी एवं रिसर्च स्कॉलर विजिट, शोध प्रकाशन आदान-प्रदान, संयुक्त सेमिनार और रिसर्च गतिविधियों में सहयोग करेंगी।

विशेषज्ञों ने कहा कि उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों को अनुशासित और पाठ्यक्रम के प्रति उत्साहित रखना फैकल्टी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्राध्यापकों को बेहतर तैयारी के साथ कक्षा में जाना चाहिए तथा विद्यार्थियों की समझ के स्तर के अनुरूप अध्यापन करना चाहिए। केवल नोट्स लिखाने या पुस्तक से पढ़ाने के बजाय संवादात्मक और नवाचार आधारित पद्धति अपनाने पर बल दिया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के आधुनिक शिक्षण तरीके, आंतरिक मूल्यांकन के प्रभावी विकल्प और व्यक्तित्व विकास के आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में प्राध्यापकों ने इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बताया।

### अकादमिक सहयोग का विस्तृत खाका

एमओयू के तहत दोनों संस्थानों के बीच नियमित फैकल्टी एक्सचेंज, रिसर्च स्कॉलर विजिट, संयुक्त शोध परियोजनाएं और राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। विशेषज्ञों ने फिजिक्स, केमेस्ट्री, बॉटनी, साइकोलॉजी, कॉमर्स, हिंदी और बायोटेक्नोलॉजी जैसे विषयों में नवीन शिक्षण पद्धतियों पर सुझाव दिए।

## अपंग और दृष्टिहीन परिवार का सहारा बना अन्नपूर्णा मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर के ग्राम पंचायत पुसपाल में जयदेव विश्वकर्मा 37 वर्ष अंधा है वह देख नहीं सकता। घर में 3

- राशन कीट और जरूरत के सामान दिए गए

सदस्य हैं। परिवार में पत्नी 34 साल की कैंसर पीड़ति और विकलांग है। मुखिया की एक बेटी भी विकलांग है, जो कक्षा 4थी में पढ़ती है। यह परिवार भीख मांग कर अपना गुजारा कर रहा

है। आस पड़ोस के लोगों की मदद से खाना मिल पाता है अन्यथा भूखे सो जाते हैं। परिवार के आय का साधन महतारी वंदन योजना से 1000, नेत्रहीन पेन्शन का 500 और 35 किलो चावल मिलता है, पशुधन नहीं है। ग्रामवासी शासकीय भूमि पर इंदिरा आवास बनाकर दिए हैं। सरपंच ने अन्नपूर्णा मुहिम की जानकारी परिवार को दी। संत रामपाल महाराज के संज्ञान में आते ही तत्काल राशन किट एवं आवश्यक सामग्री पहुंचाने का आदेश मिला। जयदेव विश्वकर्मा को अन्नपूर्णा मुहिम के अंतर्गत बर्तन, चावल, आटा, समेत अन्य खाने पीने का सामान, कपड़े, कंबल, बेड सीट, खाट, कॉपी, पेन, पेन्सिल, चप्पल, इत्यादि प्रदान किया गया। सरपंच और ग्राम वासियों ने मदद की सराहना की।




## माहेश्वरी महिला मंडल की जिलाध्यक्ष बनी ममता टावरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

माहेश्वरी भवन में महिला मंडल के विभिन्न पदों का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का

- सभी ने लिया सेवा का संकल्प

स्वागत और अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग देते हुए राधा-कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष फूलों की होली खेली गई। भक्ति गीतों और पुष्पवर्षा के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ सदस्यों ने विश्वास जताया कि नई टीम अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में समाज सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों, सेवा प्रकल्पों और महिला जागरूकता कार्यक्रमों को गति देगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, जरूरतमंदों की सहायता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण को प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया गया।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में बस्तर जिला अध्यक्ष ममता टावरी, उपाध्यक्ष मंजू राठी, सचिव विद्या चांडक, कोषाध्यक्ष सुमन राठी, सह सचिव ज्योति गांधी तथा संगठन मंत्री सुमित्रा चांडक चुने गए।

## अंडमान-निकोबार काला पानी और सेल्युलर जेल के लिए ही नहीं बल्कि संस्कृति जनजाति का भी समृद्ध स्थल

# शमक विवि में हुए व्याख्यान में बताए गए अन्य प्रांत के विशेष बातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के बीएड अध्ययनशाला में बुधवार को अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की जनजातियां एवं उनकी संस्कृति विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को देश के सुदूर द्वीपीय क्षेत्र की जनजातीय जीवन-शैली, परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराया गया।



एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडियन केंद्र के हेड डॉ पीयूष रंजन साहू ने अंडमान-निकोबार में निवासरत ओंगे, जारवा और सेंटिनेलिज जनजातियों की जीवन पद्धति, सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त सैनिकों व विभिन्न राज्यों से लोगों के बसने के कारण अंडमान-निकोबार आज मिनी इंडिया का रूप ले चुका है, किंतु वहां अब भी दुनिया की आइसोलेटेड जनजातियां अपनी पारंपरिक पहचान के साथ जीवन जी रही हैं। उन्होंने अपने सात वर्षों के शोध अनुभव साझा करते हुए बताया कि ये जनजातियां अस्तित्व और सर्वाइवल के लिए निरंतर संघर्षरत हैं। इनके पास समृद्ध पारंपरिक ज्ञान है, जिन खाद्य पदार्थों का वे उपयोग करते हैं उनमें औषधीय गुण पाए जाते हैं। वे भोजन की उपलब्धता के अनुसार निवास स्थल बदलते हैं और हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति को देशज ज्ञान के आधार पर संरक्षित किए हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ जनजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं, जिनकी संख्या मात्र 37 रह गई है।

उन्होंने कहा कि इन जनजातियों को उनकी जीवन पद्धति के साथ जीने का अवसर मिलना चाहिए किंतु स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से बचाव के लिए रेगुलेटेड इंटरवेंशन भी आवश्यक है। अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से उन्होंने बाहरी लोगों द्वारा अनसिविलाइज्ड या होस्टाइल जैसे शब्दों के प्रयोग को अनुचित बताया। शोध की पायलट स्टडी, रिपोर्ट इस्टैबलिशमेंट, फील्ड वर्क और टेबुला रासा मेथडोलॉजी जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को जहां भी अध्ययन के लिए जाएं, वहां की भाषा, व्यवहार और सांस्कृतिक ट्रेट्स को सीखने की सलाह दी।

### विद्यार्थियों ने जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे

बीएड अध्ययनशाला की अध्यक्ष डॉ सुकृता तिर्की ने व्याख्यान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बस्तर के युवाओं को अन्य क्षेत्रों की जनजातियों के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। सह प्राध्यापक डॉ सजीवन कुमार ने विद्यार्थियों को जनजातीय जीवन-शैली को समझने के लिए प्रेरित किया। संचालन डॉ गायत्री सोनी ने किया। विद्यार्थियों ने व्याख्यान को गंभीरता से सुना और कई जिज्ञासापूर्ण प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम में डॉ समीर ठाकुर, डॉ सोहन कुमार मिश्रा, डॉ रेखा जीवनानी, लीलावती पटेल, संजय गहरवाल सहित मानव विज्ञान के स्कॉलर एवं बड़ी संख्या में बीएड स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

### व्याख्यान की प्रमुख बातें

अंडमान-निकोबार को प्रायः काला पानी और सेल्युलर जेल के संदर्भ में याद किया जाता है, किंतु वहां की जनजातीय संस्कृति अत्यंत समृद्ध और विशिष्ट है। ओंगे, जारवा और सेंटिनेलिज जैसी जनजातियां आधुनिक संपर्क से दूर रहकर भी अपने पारंपरिक ज्ञान, औषधीय खाद्य परंपराओं और सामुदायिक जीवन पद्धति को संरक्षित किए हुए हैं। कुछ जनजातियों की संख्या अत्यंत सीमित है, जिससे उनके संरक्षण की आवश्यकता और बढ़ जाती है। शोध कार्य में संवेदनशील दृष्टिकोण, सांस्कृतिक सम्मान और वैज्ञानिक पद्धति का संतुलन अनिवार्य है।

